एलन विक्ट्री कार्निवल में सफलता का सम्मान, चैम्पियंस बोले, कोटा है तो मुमकिन है

कोटा, (निसं)। कॅरियर सिटी कोटा में सक्सेस का सबसे बड़ा सेलीब्रेशन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राईवेट लिमिटेड का विक्ट्री कार्निवल दशहरा मैदान में मनाया गया। यहां जेईई व नीट में सफल हुए स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक भावी डॉक्टर व इंजीनियर्स और उनके अभिभावक पहुंचे। कार्निवल थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जब चैम्पियन स्टूडेंट्स मिले तो कोटा की यादें ताजा हो गई और सभी बोले कोटा है तो मुमकिन है। कार्निवल में कॉलेज सलेक्शन के बाद पुराने दोस्त मिले। सुबह 8.30 बजे से ही स्टूडेंट्स का आना शुरू हो गया। जैसे-जैसे स्टूडेंट्स पहुंचते गए, अन्दर शोर बढ़ता गया। ग्रुप बनने लगे और फिर कहीं फिल्मी गीतों पर डांस हुआ तो कहीं सैल्फी और फोटो का दौर चला। अपने-अपने कॉलेज के अनुभव बांटना शुरू किया, इसके साथ ही कोटा की यादें ताजा की। यहां के पुराने दिन याद किए।

कोटा में एलन विक्ट्री कार्निवल आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने किया। इस अवसर पर एजीएस एवं एचओडी भी मौजूद रहे। रैंक के आधार पर अलग-अलग बैच के अनुसार विद्यार्थियों का सम्मान करने के लिए फेकल्टीज मंच पर आएं। विक्ट्री कार्निवल में फैकल्टीज और स्टूडेंट्स का मिलन भी हुआ। जेईई और नीट के परिणामों के बाद ये स्टूडेंट्स अपने-अपने कॉलेजों में पहुंच चुके हैं और वहां पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब कोई छह महीने बाद तो कोई तीन महीने बाद कोटा लौटा। विक्ट्री कार्निवल में जब फैकल्टीज से मिले तो पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सेल्फी भी ली। फैकल्टीज ने भी स्टूडेंट्स कॉलेज की जानकारी ली, वहां हो रही पढ़ाई के बारे में पूछा।

एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने कहा कि फेकल्टीज ने अच्छे डॉक्टर और इंजीनियर बनने के साथ-साथ अच्छा इंसान बने रहना है। अपने परिवार, समाज की सेवा का भाव सदैव मन में रखें। निदेशक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने संकल्प से स्वयं की पहचान कायम करें। आपके नाम से आपके परिजनों को जाना जाए, परिवार और शहर को जाना जाए। सभी सम्मिलित प्रयासों से ही अच्छे परिणाम आते हैं। हम सब मिलकर इसी तरह लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे तो ये बच्चों के सपने पूरे होंगे। निदेशक डॉ.नवीन माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को समाज के लिए सेवा का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर बनने के साथ अच्छा इंसान बनना भी जरूरी है।

- **कोटा के सबसे बड़े सक्सेस सेलिब्रेशन में देशभर से 5 हजार से सलेक्टेड स्टूडेंट्स और पैरेंट्स हुए शामिल**

निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने कहा कि एलन हर क्षेत्र में विद्यार्थियों का भविष्य बनाने के लिए संकल्पित है। विद्यार्थी को अपने संकल्प के पूरे होने तक पढ़ते रहना है। अपने काम पर फोकस करते हुए यदि हम आगे बढ़ते रहेंगे तो निश्चित तौर पर अलग मुकाम स्थापित करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कार्निवल परेड रही। इस परेड में अलग-अलग कलाकार झूमते-नाचते हुए विद्यार्थियों के बीच से निकले। परेड में कार्टून करेक्टर, विटेंज कार, जोकर, बैलेंसिंग गेम, डांस धूम सहित कई आकर्षण थे। परेड का समापन मुख्य मंच पर हुआ, जहां परेड के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। विक्ट्री कार्निवल में व्यवस्थाएं देख देश के कोने-कोने से आए स्टूडेंट्स प्रफुल्लित हो गए। यहां गेम जोन में जब स्टूडेंट्स पहुंचे तो किसी ने कठपुतली का शो देखा तो किसी ने कैरम खेला, कोई जम्पिंग करने लगा तो किसी सर्कल फेंककर इनाम जीते।

पत्नी के लिए जल्दी लिया रिटायरमेंट और उसी दिन पत्नी का हो गया देहांत

पति के रिटायरमेंट समारोह में ही पत्नी दीपिका का देहांत हो गया।

कोटा, (निसं)। कोटा में एक दिल को छू लेने वाली घटना सामने आई है। खुशियों से भरे दिन में जब पति देवेंद्र संदल अपने रिटायरमेंट के जश्न में थे इसी दौरान उनकी पत्नी दीपिका ये दुनिया छोड़कर चली गई। देवेंद्र ने अपनी पत्नी की बिगड़ी सेहत को देखते हुए वॉलंटरी रिटायरमेंट का आवेदन किया था ताकि वह अपनी पत्नी का ख्याल रख सकें उनके साथ समय बिता सकें। उनका वीआरएस स्वीकृत भी हुआ। वह मंगलवार को रिटायरमेंट के बाद अपने जीवन के अगले पड़ाव की शुरुआत पत्नी के साथ करने वाले थे लेकिन संयोग देखिए उसी दिन रिटायरमेंट समारोह में खुशियों के बीच उनकी पत्नी दीपिका ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। यह दुखद घटनाक्रम शास्त्री नगर के दादाबाड़ी इलाके का है। देवेंद्र के करीबी पड़ोसी गिरीश गुप्ता ने बताया कि देवेंद्र संदल सेंट्रल वेयर हाऊस में मैनेजर थे। मंगलवार को उनके कार्यालय में रिटायरमेंट समारोह आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान दीपिका भी वहां मौजूद थीं। सभी लोग देवेंद्र को शुभकामनाएं दे रहे थे लेकिन इस खुशी के पल में अचानक दीपिका कुर्सी पर बैठी-बैठी गिर गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राजफैड के कार्यवाहक क्षेत्रीय निदेशक विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि दीपिका के अचानक गिरने के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गिरीश गुप्ता ने बताया कि दीपिका और देवेंद्र की कोई संतान नहीं थी। दीपिका को दिल की समस्या थी जिसके चलते देवेंद्र ने समय से पहले रिटायरमेंट लेने का फैसला किया था ताकि वह अपनी पत्नी का ध्यान रख सकें। रिटायरमेंट के दिन दीपिका पति के स्वागत के लिए अपने घर को सजाकर कार्यक्रम में शामिल होने पति के ऑफिस गई थीं। पड़ोसी दोनों के लौटने का इंतजार कर रहे थे लेकिन कुछ ही समय बाद दीपिका की मौत की खबर आई जिसे सुनते ही पूरे कॉलॉनीवासी शोक में डूब गए। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

सार-समाचार

ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया

कोटा, (निसं)। आर.के.पुरम सेक्टर-ए में स्थित गालव भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर व्यासपीठाचार्य त्रतुराज शर्मा ने ध्रुव्र चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि अगर ध्रुव्र पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कथा व्यास को उंच नीच के भेद से परे होकर समग्र विश्व कल्याण के लिए कथा वाचन करना चाहिए। आचार्यश्री ने श्रोताओं को आगे बताया कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है, इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। आचार्यश्री ने शिव-सती प्रसंग सुनाते हुए पुराणाचार्य ने बताया कि शिव के बिना मनुष्य शव के समान है। शिवलिंग की महिमा बताते हुए बताया कि मनुष्य को पार्थिव शिवलिंग की पूजा नित्य करना चाहिए। मिट्टी से बनाये गए शिवलिंग को पार्थिल शिवलिंग कहा जाता है। कथा से पूर्व प्रमुख यजमान दिनेश शर्मा, रघुवीर प्रसाद नंदवाना ने व्यासपीठ का स्वागत किया। इस अवसर पर आरकेपुरम बालाजी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णुनारायण शर्मा, मोक्षधाम सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, समाजसेवी गिरिराज गौतम, पी.पी.गुप्ता, अशोक पारीक सहित गणमान्य लोगों ने कथा का श्रवण रसपान कर आरती की तथा बाद में लोगों ने प्रसाद पाया।

ट्रेन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

कोटा, (निसं)। कुन्हाडी थाना इलाके के थर्मल में ट्रेन की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात्रि की हैं। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया था। पुलिस ने बुधवार को मृतक मुकेश भार्गव के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। कुन्हाड़ी थाने के थानाधिकारी अरविन्द्र भारद्वाज ने बताया कि मृतक चौपड़ा फार्म डडवाड़ा निवासी ठेका श्रमिक मुकेश भार्गव (68) है। थानाधिकारी ने बताया कि श्रमिक मुकेश भार्गव थर्मल के रेलवे यार्ड में ठेकेदार के पास काम करता था। रेलवे यार्ड मे कोयले की खाली डिब्बों की शटिंग के दौरान मुकेश भार्गव ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से मुकेश की मौकें पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सड़क हादसे में मजदूर की मौत

कोटा, (निसं)। रानपुर थाने इलाके एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। रानपुर थाने के पुलिस उपनिरीक्षक भीमसिंह ने बताया कि झालावाड़ फोरलेन पर जगपुरा चौकी के समीप एक ट्रेक्टर ने सड़क पर चल रहे मजदूर को टक्कर मार दी। ट्रेक्टर की टक्कर से मजदूर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा, ट्रेक्टर चालक सामने आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में ट्रेक्टर असंतुलित होकर गड्ढे में गिरे मजदूर पर पलट गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे और क्रेन की सहायता से ट्रेक्टर को सीधा कर मजदूर का बाहर निकाल कर उपचार के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक ने बताया कि मृतक जिला अजमेर के खानडरा निवासी फूलचंद खारोल हैं। उपनिरीक्षक ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया और मौके से ट्रेक्टर जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है।

अटल बिहारी वाजपेई को याद किया

कोटा, (निसं)। अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के कार्यक्रम के तहत बुधवार को उन्हें श्रद्धा से याद किया गया। महान राजनीतिज्ञ, कवि भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती आकाशवाणी में सभी युवाओं के बीच मनाई गई। आयोजक सोनिया राठौड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की युवा पीढ़ी को अटल के जीवन से ईमानदारी और निष्ठा की सीख लेनी चाहिए और उनके आदर्शों को अपने अंदर आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में उनके आदर्शों का विशेष उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री रहते हुए भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया और राष्ट्रप्रेम की भावना से कार्य किया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह राठौड़, अनिल शर्मा, मयंक सेठी, अलका मेवाड़ा, अर्चना शर्मा, ममता पारेता, राजा चौहान आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों ने विद्यालय में स्वेटर बांटे

कोटा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गणेशपुरा भीलों का डाबी ब्लॉक तालेड़ा जिला बूंदी के शिक्षक किरण गुप्ता, बालकृष्ण शर्मा, राजेश मालव ने देखा कि उनके विद्यालय में बच्चे कड़ाके की सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल आते है तीनों शिक्षकों ने आर्थिक सहयोग से स्वेटर खरीद कर विद्यालय के 150 बच्चों को निःशुल्क स्वेटर वितरित किए। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में निर्धन परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं सरकार की तरफ से उन्हें गणवेश तो मिलती है परंतु सर्दी से बचने के लिए उनके पास गर्म कपड़े नहीं रहते हैं इसलिए उन्होंने सेवा कार्य समझकर इन बच्चों को स्वेटर वितरित किया। तीनों शिक्षक अपने विद्यालय में निर्धन बच्चों के लिए पाठ्य-सामग्री भी वितरित करते रहते हैं।

अटल जन सेवा शिविर आज

कोटा, (निसं)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जिले के समस्त ब्लॉक स्तर पर गुरूवार, 26 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे विशेष अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में आमजन की शिकायतें एवं परिवाद सुने जाएंगे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों के आवेदन भरवाए जाएंगे।

'गोवर्धन पर्वत के हर पत्थर में भगवान श्रीकृष्ण का वास है'

कोटा, (निसं)। अमरनाथ शर्मा पार्षद एवं टिक्की वाला परिवार, रामपुरा, कोटा की ओर से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव एवं ज्ञान गंगा का आयोजन के तहत बुधवार को गोवर्धन कथा का प्रसंग सुनाया गया और कथा स्थल पर भगवान गोवर्धन के जयकारे गूंज उठे। कथावाचक पंडित राधेश्याम जी महाराज ने कहा की भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाया था। इस घटना के बाद, गोवर्धन पर्वत को पूजनीय माना जाने लगा और हर साल गोवर्धन पूजा की जाती है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा की जाती है, इस दिन भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन और गायों की पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। महराज ने कहा कि गोवर्धन पर्वत के हर पत्थर में भगवान श्रीकृष्ण का वास है, इसकी प्ररिक्रमा सभी मनोकामना को पूर्ण करती है, घर परिवार में धन-धान्य रहता है। गोवर्धन पर्वत की यात्रा करने से पाप नष्ट हो जाते हैं। गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से सुख-शांति मिलती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान गोवर्धन की झांकी सजाई गई। कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया। अमरनाथ शर्मा पार्षद ने बताया कि गूंदी का चौक, भाटापाड़ा, रामपुरा, कोटा परिसर में आयोजित भव्य संगीतमय भागवत कथा महोत्सव के दौरान सैकडों की संख्या में श्रद्धालु कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक नियमित आयोजित की जा रही है, जिसमें कई वृतांतों के माध्यम से भगवान की स्तुति की जा रही है।

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा कोटा जंक्शन में मनाया जा रहा शहीदी सप्ताह

कोटा, (निसं)। सिख धर्म के गौरवमयी बलिदानी इतिहास को पन्ने में समटने का सामर्थ किसी में नहीं है चाहे वह इस उपक्रम में कितने भी पृष्ठ क्यों न लिख डालें, ऐसा ही एक प्रयास गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कोटा जंक्शन में हर वर्ष शहीदी सप्ताह मनाकर किया जाता है।

गुरुद्वारे के प्रधान अमरजीत सिंह मखीजा ने बताया कि इस शहीदी सप्ताह में सिखों के दसवें गुरुश्री गुरु गोबिन्द सिंह महाराज के माताजी एवं चारों साहेबजादे तथा हजारों सिंह-सिंहनी शहीद हुए थे। उनको याद करते हुए स्टेशन गुरुद्वारे पर हर साल की तरह सभी संगत मिलकर 21 से 28 दिसम्बर 2024 तक चौपई साहिब जी के पाठ कर रहे है और गुरु साहिब को याद किया जा रहा है।

- **बच्चों को अवगत कराया जा रहा इतिहास, आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताएं**

प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि पूरे सप्ताह बच्चों द्वारा चौपई साहिब के पाठ किये जा रहे है तथा गुरु जी की जीवनी से सम्बन्धित कविताएँ, इतिहास लेक्चर और कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है। इसी सम्बन्ध में लैमरिन विश्व विद्यालय, पंजाब से ज्ञानी डॉ॰ मनप्रीत सिंह जी ने भी तीन दीवान की विशेष हाजरी भरी और गुरु इतिहास से संगत को अवगत कराया। इसी सप्ताह में गुरु गोबिन्द सिंह के चार साहिबजादे में से बाबा अजीत सिंह (17) व बाबा जुझार सिंह (13) ने सन् 1705 में अत्याचारों का विरोध करते हुए चमकौर की युद्ध में शहीदी को प्राप्त किया था। उसके बाद साहिबजादा बाबा जोराबर सिंह (9) व बाबा फतेहसिंह (6) को दीवार में जिन्दा चुनवा दिया गया था, जब यह शाहदत की खबर ठण्डे बुर्ज में कैद दादी गुजरी जी के पास पहुंची तो उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए। टोडरमल जैन ने नबाव से दाह-संस्कार के लिये उस साईज की जमीन पर 78000 सोने की अशरफीयां खड़ी कर उसकी कीमत चुकाई।

कहते है संसार की सबसे महंगी जमीन खरीदी गई जहां साहिबजादों और माता गुजरकौर जी का अंतिम सस्कार हुआ। वहां पर आज ऐतिहासिक गुरुद्वारा ज्योति स्वरुप साहिब स्थापित है। प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि इस पूरे शहीदी सप्ताह के दौरान बच्चों को रोज के इतिहास से सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई जाएगी और नित्य रोज बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिये उन्हें परस्कृत किया जायेगा।

इस पूरे शहीदी सप्ताह के दौरान गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान अमरजीत सिंह मखीजा, सचिव गुरुप्रीत सिंह, मीत प्रधान राजेन्द्र सिंह बग्गा एवं कमेटी के सभी सदस्यों तथा अथाह संगत के अलावा अन्य समाज के लोगों द्वारा हाजिरी भर गुरु साहिब एवं उनके परिवार की शहीदी को नमन कर उन्हें याद किया जा रहा है।

''सहकार से समृद्धि'' सिआम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ

कोटा, (निसं)। सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत बुधवार को यहां सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कोटा जिले की 6 एम-पैक्स को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट वितरित किए। जिनमें तीन नवगठित महिला एम-पैक्स कोलाना, सातलखेड़ी एवं मोरूकलां शामिल रही। साथ ही, डेयरी समितियों को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं तीन सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम का वितरण भी किया गया। सिआम ऑडिटोरियम में कृभको एवं दि कोटा सेंट्रल कॉ-ऑपरेटिव बैंक कोटा के संयुक्त तत्वावधान में किसान संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। साथ ही, जेएलजी को 2 लाख रूपये एवं सहकार किसान कल्याण योजना के तहत 2 लाख रूपये के ऋण के चेक वितरित किए गए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटा डेयरी अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, सांगोद प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, सुल्तानपुर प्रधान कृष्णा शर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रामप्रसाद शर्मा, कोटा सहकारी उपभोक्ता भंडार की महाप्रबंधक बीना बैरवा, संयुक्त निदेशक कृषि आरके जैन, सियाम के क्षेत्रीय निदेशक शंकर लाल जांगिड एवं बैंक कोटा के एमडी बलविन्दर गिल सहित कृभको के अधिकारी उपस्थित रहे। सहकार से समृद्धि के राष्ट्रीय मेगा इवेंट में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया।

- **ऊर्जा मंत्री ने 6 एम-पैक्स को वितरित किए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट**

कार्यक्रम में पूरे देश की 10 हजार नई एम-पैक्स, डेयरी सहकारी समितियों एवं मत्स्य समितियों को वर्चुअल माध्यम से रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट वितरित किए। इस कार्यक्रम का पूरे देश के 500 जिलों में वर्चुअल प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर के झालाना स्थित आरआईसी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिला मुख्यालयों पर उपस्थित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं, ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्ष, संचालक मंडल सदस्यों एवं व्यवस्थापकों को संबोधित किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक, गृह एवं डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं शासन सचिव सहकारिता मंजू राजपाल भी उपस्थित रही।

शिविर आयोजित

बूंदी (निसं)। जिला अंधता निवारण समिति, नीमच बूंदी आई हॉस्पिटल औऱ हैमेंद्र प्रकाश दलजीत कौर चैरिटेबल ट्रस्ट व रोटरी क्लब के तत्वावधान में रवि दत्त दौराश्री की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र रोग जांच शिविर एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रोजेक्ट डायरेक्टर चंद्र प्रकाश सेठी ने बताया कि जिले के 232 मरीजों के कैंप में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किए गए। सभी मरीजों को चश्मा और दवा भी निःशुल्क वितरित की गई। उन्होंने बताया कि मरीजों को लाने ले जाने के लिए वाहन व्यवस्था भी रोटरी क्लब द्वारा की गई। इस मौके पर रोटरी क्लब अध्यक्ष महेश पाटोदी, सचिव सुरेश जागेटिया, जितेंद्र छाबडा, हासम भाई शाहिद रोटरी क्लब सदस्य और दोराश्री परिवार के परिजन मौजूद रहे।

अटल जी एक महान राष्ट्रभक्त एवं कुशल राजनीतिज्ञ रहे : संदीप शर्मा

कोटा, (निसं)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंति-25 दिसंबर के अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, कार्यक्रम संयोजक जटाशंकर शर्मा, नेता खण्डेलवाल के सानिध्य में जीएमए प्लाजा सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रारंभ में मंचस्थ गणमान्यों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

- **'अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा करें'**

कोटा शहर भाजपा ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया।

कार्यक्रम पश्चात् जिलाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भारत माता की जयघोष और अटलजी अमर रहे के नारे लगाते हुए प्रमुख बाजारों में रैली निकाली। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब यहां एक महान राष्ट्रभक्त एवं कुशल राजनीतिज्ञ और प्रेरणादायक कवि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। अटल केवल एक नेता ही नहीं थे वे भारतीय राजनीति के एक ऐसे प्रकाशस्तंभ थे जिन्होंने अपने अद्वितीय विचारों एवं अपार धैर्य और असाधारण नेतृत्व से देश को एक नई दिशा दी। उनका जीवन सादगी, समर्पण और देशभक्ति का प्रतीक रहा।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने हमें सिखाया कि राजनीति सेवा का माध्यम है संघर्ष का नहीं। एक सशक्त नेता होते हुए भी वे हमेशा संवाद सहमति और सौहार्द्र के पक्षधर रहे। उनकी कविताएं हमें आज भी प्रेरणा देती हैं विशेषकर उनके ये शब्द कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता। अटलजी का योगदान केवल राजनीति तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया और जय जवान जय किसान जय विज्ञान का नारा देकर देश को विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का संकल्प दिखाया। आज उनकी जन्म जयंती पर हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

एक ऐसा भारत बनाना चाहिए। जिसमें समानता सद्भाव और प्रगति के आदर्श जीवंत रहें। आओ हम सब मिलकर अटल जी के सपनों का भारत बनाने के लिए एकजुट हों और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा करें।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जैन ने कहा कि मैं आप सबसे यह आग्रह करना चाहूंगा कि अटलजी की तरह हम अपने जीवन में कर्तव्यनिष्ठा सत्यनिष्ठा और देशभक्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कार्यक्रम संयोजक जटाशंकर शर्मा ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की आज 100वीं जयंती है। इस दिन को हर साल भारत में सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह वर्ष अटलजी का जन्म शताब्दी वर्ष है।

चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर 29 तक प्रवेश निःशुल्क रहेगा

कोटा, (निसं)। कोटा महोत्सव के अंतर्गत चल रहा अमृता हाट मेला 29 दिसम्बर तक लगेगा। इस दौरान हर दिन मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महिला अधिकारिता के सहायक निदेशक मनोज कुमार मीणा ने बताया कि रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर 29 दिसम्बर तक प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

शौर्य घाट पर 26 दिसम्बर को सांय 4 बजे से डांस प्रतियोगिता, 27 दिसम्बर को सांय 4 बजे से मिस अमृता 2024 प्रतियोगिता एवं कोटा एक्सप्लोर, 28 दिसम्बर को सांय 4 बजे से कवि सम्मेलन कार्यक्रम तथा 29 दिसम्बर को सांय 4 बजे से गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रातः10 से रात्रि 8 बजे तक राजीविका समूह की महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बाजार लगाया जा रहा है। अमृता हाट मेले में प्रदेशभर से महिला समूहों की दुकानें लगाई गई हैं जिसमें विभिन्न तरह के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है। इनमें अलवर का टैराकोटा, बीकानेर के नमदे, मंगोड़ी, पापड़, जुतियां, कोटा डोरिया आदि प्रमुख है। मेले में सामान क्रय करने वाले ग्राहकों को 500 रुपये की खरीद पर एक कूपन दिया जा रहा है जिसका ड्रॉ प्रतिदिन रात्रि 8 बजे खोला जाता है। मेले में 70 स्टॉल लगाई गई है।

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 93/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री भुवनेश बबलानी पुत्र स्व. श्री अर्जुन दास बबलानी निवासी 91 सिन्धी कालोनी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास ''पूज्य सिन्धी पंचायत समिति'' बजरंग नगर कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 13.02.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा